# बड़े हों या छोटे
# गरीब, अशक्त या हों बीमार
# आसानी से अब पहुँचेगी,
# बैंकिंग सुविधाएं सबके द्वार !

**उत्तर प्रदेश के 1544 ग्राम पंचायतों में बी0सी0 सखी के रिक्तियों के सापेक्ष**

## आवेदन का आमंत्रण

(रिक्त 1544 ग्राम पंचायतों की सूची **www.upsrlm.org/vaccantgp** वेबलिंक पर उपलब्ध है)

**प्राथमिकता** : जिस भी ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह हैं, उनके सदस्यों को प्राथमिकता।

मोबाइल एप से आवेदन स्वीकार करने की अन्तिम तिथि : **26 अगस्त, 2023**

(उपरोक्त अवधि एवं सूचीबद्ध 1544 ग्राम पंचायतों से अन्यथा कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे)

### बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट (बीसी) सखी क्या है–

- बीसी सखी रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा संचालित बैंक, जिन्हे उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बद्ध किया हुआ है, के अन्तर्गत माइक्रो-एटीएम के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं देने में सक्षम।
- बी.सी. सखी का मुख्य कार्य ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवाओ को पहुचाना है।
- इससे न सिर्फ वित्तीय लेन-देन सुगम होगी बल्कि ग्रामीणो के काम-धन्धे में तेजी आएगी, समय और खर्च मे बचत होगी।
- बी.सी. सखी के माध्यम से सरकारी स्कीम-आधारित सब्सिडी, मजदूरी का भुगतान इत्यादि मे रकम की आसानी से निकासी सम्भव होगी।
- हर तरह की आर्थिक लेन-देन, बैंक खातो मे जमा एवं निकासी, नए खाते खोलने जैसी सुविधाएं हर ग्रामीण तक पहुंचेगी।

### बीसी सखी के लिए कौन आवेदन कर सकते हैं–

- ऐसी उद्यमी, गतिशील व महत्वाकांक्षी महिलाएं जो स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो।
- समाज के सभी वर्गों के प्रति सम्मान और विशेष कर उनके आर्थिक विकास के प्रति संवेदनशील हो, गरीब तथा वंचित वर्गों के प्रति जिम्मेदार व प्रतिबद्ध हो।
- मोबाइल व टेक्नॉलाजी आधारित काम करने व सीखने में रूचि रखती हो।
- न्यूनतम शिक्षा-10वीं उत्तीर्ण हो, उम्र-न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 50 वर्ष हो।
- आवेदिका उसी ग्राम पंचायत की रहने वाली हो जहां के लिए आवेदन कर रही हो।
- कार्य के सिलसिले मे पूरे ग्राम पंचायत मे भ्रमण करने, घरो व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों मे जाने के लिए तैयार हो।

### बीसी सखी के लिए आवेदन कैसे करें–

- गूगल प्ले स्टोर से UP BCSakhi मोबाइल एप डाउनलोड करें।
- आवेदन करते समय स्वयं के मोबाइल फोन नम्बर ही डाले ताकि एसएमएस OTP द्वारा सही सत्यापन हो सके।
- सभी सवालों के ईमानदारी से जवाब दें, गलत तथ्य या भ्रामक उत्तर देने पर आवेदन स्वीकार्य नही किये जाएँगे।
- एक से ज्यादा बार आवेदन न करें। ऐसी स्थिति में सभी आवेदन अस्वीकार किये जायेंगे।
- किसी भी असुविधा या जानकारी के लिए बीसी सखी कॉल सेंटर पर फोन करें : 0522-2724611

गूगल प्ले स्टोर से UP BCSakhi एप डाउनलोड करें

**अस्वीकारीकरण:** ग्राम्य विकास विभाग व राज्य मिशन ने इन आवेदनों के लिए किसी भी व्यक्ति या संस्था को सम्बद्ध नही किया है न ही किसी भी मध्यस्थता की व्यवस्था की है। अगर कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसा कोई दावा करते है तो वे सर्वथा अमान्य है।

**उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश**